# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-2

30 फाल्गुन, 1933 (श०)
मंगलवार तिथि ---------------
20 मार्च, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या--110

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | .. | 29 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | .. | 36 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | | .. | .. | 04 |
| (4) परिवहन विभाग | .. | .. | .. | 02 |
| (5) पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | .. | 04 |
| (6) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | .. | 01 |
| (7) उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | .. | 14 |
| (8) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | .. | 09 |
| (9) समाज कल्याण विभाग | .. | .. | .. | 06 |
| (10) निबंधन विभाग | .. | .. | .. | 01 |
| (11) खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | .. | 03 |
| (12) पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग | .. | 110 |

कार्रवाई करना

''क''-*237. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 8 जुलाई, 2011 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''हर साल तीन हजार करोड़ का खर्च फिर भी नहीं सुधरी उच्च शिक्षा'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में हर साल तीन हजार करोड़ रुपया उच्च शिक्षा के मद में व्यय होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त राशि के खर्च होने के बाद भी राज्य में उच्च शिक्षा में सुधार नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उच्च शिक्षा में सुधार करने के लिए कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

---------

केन्द्र चालू करना

''ख''-*1289. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत धुरियाही पंचायत में वार्ड संख्या 3 और 6 में आंगनबाड़ी केन्द्र है, जो बन्द रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार इन आंगनबाड़ी केन्द्र को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

शौचालय का निर्माण

*2082. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकिनगर स्थित ''नदी घाटी प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय'' में एक भी शौचालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---------

शिक्षकों का पदस्थापन

*2083. श्री राजीव रंजन--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड के उर्दू कन्या विद्यालय, महमूदा शिक्षकों के अभाव में वर्ष 2007 से पूर्णत: बंद है, जिससे छात्राओं के पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों का पदस्थापन कर पुन: चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*2084. श्री अनंत कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत मुंगेर शहर में दुर्गा संस्था उच्च विद्यालय है जहां 500 से अधिक छात्र-छात्राएं शिक्षाध्ययन कर रहे हैं;

---

नोट--''क''--दिनांक 28 फरवरी, 2012, 6 मार्च, 2012 एवं 13 मार्च, 2012 को सदन द्वारा स्थगित ।

''ख''--दिनांक 13 मार्च, 2012 को सदन द्वारा स्थगित ।

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को असुविधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण

*2085. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत बाल विकास परियोजना, चिरैया एवं पताही के पास अपना भवन नहीं है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त दोनों परियोजनाओं के लिये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

भवन का निर्माण

*2086. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी उच्च विद्यालय को 10+2 में उत्क्रमित कर भवन निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2009-10 में 65 लाख रुपये प्रति विद्यालय आवंटित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के अहियापुर (रानी) दामोदरपुर, दहिया, नौला, चमथा एवं दशरथपुर (कन्या) उच्च विद्यालय का भवन निर्माण पूरा नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवनों का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2087. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मालवाहक ट्रक एवं ट्रैक्टर से सीमेंट, बालू एवं मिट्टी की ढुलाई बिना ढके हुए किये जा रहे हैं, जिससे सड़कों पर काफी मात्रा में इनके कण उड़कर जमा हो जाते हैं जिससे खासकर मोटर साइकिल आदि के चालक उनपर फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उन वाहन चालकों द्वारा नियम का पालन नहीं कराने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*2088. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखंड के रीगा प्रथम पंचायत के विजुनगर गांव में प्रा० विद्यालय नहीं है, जिसके कारण उक्त ग्राम के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, यदि हां, तो क्या सरकार विजुनगर ग्राम में सरकारी प्रा० विद्यालय खोलना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का जीर्णोद्धार

*2089. श्री वैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत गुलाब बबुना उच्च विद्यालय, पटोरी का छात्रावास भवन जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*2090. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के बैरिया प्रखण्ड अन्तर्गत गंडक नदी के कटाव के कारण भालपाद, राजघाट, गोबरही पंचायत वर्ष 2006 में विलीन हो गया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों पंचायतों में आदमी नहीं है, परन्तु छः प्राथमिक विद्यालय के नाम पर नियमित रूप से मिड-डे-मील का उठाव हो रहा है एवं शिक्षक बिना कार्य के वेतन का निकासी करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों

---------

सुविधा देना

*2091. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला का पुस्तकालय वर्ष 2007 से बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुस्तकालय का नया भवन निर्माण भी वर्ष 2010 में कराया जा चुका है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बन्द पड़े सहरसा जिला पुस्तकालय को नये भवन में चालू करते हुए इसमें पुस्तक, अखबार एवं अन्य अनुमान्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्ति करना

*2092. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के डॉ० राममनोहर लोहिया उच्च विद्यालय, टेकनवास, सिधवलिया में 10 शिक्षकों का पद स्वीकृत है, जबकि 4 शिक्षक ही कार्यरत हैं तथा 10+2 में अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, हिन्दी, जन्तु विज्ञान के शिक्षक का पद रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हलुआर पिपरा में सन् 2006 से गणित एवं भौतिकी, सन् 2008 से हिन्दी एवं भूगोल एवं सन् 2010 से अर्थशास्त्र के शिक्षक नहीं हैं, जिससे पठन-पाठन कार्य बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालयों में स्वीकृत पद के अनुरूप शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है ?

बस का परिचालन

*2093 श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्डान्तर्गत सकला एवं इटिम्हा अतिप्राचीन व्यापारिक बाजार है, जहां से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसें संचालित नहीं होती है, जिससे व्यापारियों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बाजारों से परिवहन निगम की बसें चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान कराना

*2094. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी प्रखण्ड अन्तर्गत केशावे पंचायत में नियोजित शिक्षकों का वेतन अगस्त, 2011 से भुगतान नहीं किया गया है, जिससे शिक्षकों को आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त शिक्षकों का वेतन भुगतान शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

लाभ देना

*2095. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी, डोभी एवं आमस प्रखण्ड के अनुसूचित जाति बाहुल्य गाँव में से एक भी गाँव को आदर्श ग्राम में शामिल नहीं किया गया है, जिससे उक्त प्रखण्डों के अनुसूचित जाति बाहुल्य गाँव के लोग लाभ से वंचित हैं, यदि हां, तो क्या सरकार शेरघाटी, डोभी एवं आमस के अनुसूचित जाति बाहुल्य गाँवों को आदर्श ग्राम में शामिल कर लाभ देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*2096. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला का गठन 1972 में हुआ, परन्तु अभीतक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय का अपना भवन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी का आवास नहीं बन पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मधुबनी स्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय का भवन एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*2097. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखण्ड अन्तर्गत कौआरामपुर में स्टेडियम का निर्माण नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कौआरामपुर में स्टेडियम के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

शिक्षकों की नियुक्ति

*2098. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के कहरा प्रखंड के नरियार पंचायत अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, ललहा पश्चिम वर्ष 2000 ई0 से शिक्षक के अभाव में बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1974 से 2000 ई0 तक इस विद्यालय में तीन शिक्षक कार्यरत थे;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय को दो कमरा, शौचालय एवं मैदान उपलब्ध है;

(4) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय के बंद रहने के कारण इस गाँव के बच्चों को 2-3 किलो मीटर दूर शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ता है, जिससे उन्हें कठिनाई होती है;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंद पड़े विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति कर पुनः चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2099. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अन्तर्गत राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, धोबी विद्या अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि इसके आस-पास माध्यमिक शिक्षा के लिए एक भी उच्च विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, धोबी विद्या को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षकों की नियुक्ति

*2100. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 116 आलिम-फाजिल स्तर के मदरसे संचालित हैं जिनके छात्र-छात्राओं के परीक्षा संचालित करने तथा परीक्षाफल प्रकाशन का दायित्व मानव संसाधन विकास विभाग के पत्रांक 15/एम 1-202/93-2279, दिनांक 24 नवम्बर, 2008 के द्वारा मौलाना मजहरूल हक अरबी-फारसी यूनिवर्सिटी को दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 116 मदरसों में नामांकित आलिम-फाजिल के छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए वर्तमान में इस स्तर के कोई भी शिक्षक पदस्थापित नहीं है, जिस कारण नामांकित बच्चों के शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी 116 मदरसों में आलिम-फाजिल की पढ़ाई के लिए शिक्षकों का पद सृजित कर शिक्षकों की बहाली करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*2101. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड में 179 आँगनबाड़ी केन्द्र चलाया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि 125 आँगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 125 आँगनबाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा देना

*2102. डॉ0 अरूण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत अपूर्व उच्च विद्यालय, बलवाहाट एवं महंथ मिट्ठु दास उच्च विद्यालय, सलखुआ में चहारदीवारी, शुद्ध पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था नहीं है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण, शुद्ध पेयजल एवं शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार करना

*2103. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सांस्कृतिक आयोजनों के लिए छपरा शहर में मजहरुलहक एकता भवन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त एकता भवन की छत एवं दीवार की वर्तमान स्थिति काफी जर्जर है जिसके कारण आयोजनों एवं दर्शकों को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सांस्कृतिक केन्द्र की (एकता भवन) का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2104. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित वर्ष 2009 के मध्यमा पूरक परीक्षा का परीक्षाफल अभीतक लम्बित है, जिससे उक्त परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों को संस्कृत में उच्चतर शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्ष 2009 के मध्यमा पूरक परीक्षा के परीक्षाफल में विलम्ब करनेवाले उत्तरदायी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*2105. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत कुबरी राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस गाँव के आस-पास माध्यमिक शिक्षा के लिए एक भी उच्च विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुबरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*2106. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के उच्च विद्यालय, शादी सिमानपुर में चहारदीवारी नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*2107. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अन्तर्गत रणगाँव हाईस्कूल के समीप स्टेडियम का निर्माण कार्य पाँच वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुआ था, किन्तु आजतक पूर्ण नहीं हुआ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2108. श्री रतनेश सादा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा उच्च विद्यालय का भवन बी०आर०सी० के तहत विगत वर्ष 2009 में भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय आज भी अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नवीनीकरण करना

*2109. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में 41 अनुज्ञप्तिधारी आरा मिलों के अलावे 18 इंच व्यास तक के भर्टिकल एवं सर्कुलर 110 आरा मिल कार्यरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला में 70 आरा मिलों की अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण आजतक नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इनके अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यालय बनाना

*2110. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत चानन प्रखंड में बाल विकास परियोजना कार्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है,-तो क्या सरकार चानन प्रखंड में बाल विकास परियोजना कार्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रोफेसर की नियुक्ति

*2111. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत हथुआ विधान-सभा क्षेत्र में गोपेश्वर महाविद्यालय हथुआ में भौतिक विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी के व्याख्याता का पद रिक्त है जिससे छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में संबंधित विषयों के प्रोफेसर की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मानक निर्धारित करना

*2112. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बड़ी गाड़ियों के प्रेशर हार्न एवं ऐम्बुलेंस में उच्च आवाज वाले सायरन बजाये जाते हैं जिससे ध्वनि प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है जिससे छोटे-छोटे बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है साथ ही बीमार लोगों तथा हृदय रोगियों को जान का खतरा उत्पन्न हो जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त हार्न एवं सायरन की एक निश्चित मानक निर्धारित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

योजना का कार्यान्वयन

*2113. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 दिसम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''आठ साल बाद भी शुरू नहीं हुए छात्रावास'' को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के 29 जिलों में अति पिछड़ा छात्रावास बनाने की योजना की स्वीकृति वर्ष 2000 में बनी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित योजना के तहत भवन निर्माण की जिम्मेवारी भवन निर्माण विभाग को प्रति छात्रावास एक करोड़ पन्द्रह लाख रुपए का आवंटन वित्तीय वर्ष 2003-04 में दिया गया था जिसमें रोहतास, वैशाली, प० चम्पारण सहित 5 जिलों में मात्र निर्माण संबंधी कार्य किये जा रहे हैं तथा आजतक 24 जिलों में छात्रावास निर्माण कार्य प्रारम्भ भी नहीं किये गये हैं जिससे छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसका क्या औचित्य है तथा इसमें विलंब करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए छात्र-छात्राओं के हित में उक्त योजना को कबतक कार्यान्वित करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशिक्षण देना

*2114. श्री तारकिशोर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर स्थित महेश्वरी एकेडमी के परिसर में वर्ष 2003 में 11वीं वित्त आयोग की राशि से जिले के छात्रों को कम्प्यूटर परिचालन प्रशिक्षण देने हेतु 50 (पचास) कम्प्यूटर सेट स्थापित की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र में कम्प्यूटर के परिचालन हेतु जेनरेटिंग सेट एवं प्रशिक्षक उपलब्ध नहीं कराया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि जेनरेटिंग सेट एवं प्रशिक्षक के अभाव में आजतक छात्रों को प्रशिक्षण नहीं दिया जा सका है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रशिक्षण केन्द्र में छात्रों को कम्प्यूटर परिचालन प्रशिक्षण देने हेतु आवश्यक कदम उठाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षकों का पदस्थापन

*2115. श्री सदानंद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड में के० मिश्री लाल कृष्ण प्रसाद उच्च विद्यालय, अरार धुआवै है जिसकी स्थापना 1961 ई० में हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में अर्थशास्त्र, भूगोल, नागरिक शास्त्र एवं इतिहास विषयों के शिक्षक नहीं रहने के कारण विद्यार्थियों के पठन-पाठन में असुविधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में संबंधित विषयों के शिक्षकों को पदस्थापित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रधानाचार्य का पदस्थापन

*2116. ई० अजीत कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार राज्य के किसी भी महाविद्यालय में प्रधानाचार्य के पदस्थापन की अधिकतम अवधि पाँच वर्षों की होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि मगध विश्वविद्यालय के अन्तर्गत टी०पी०एस० कॉलेज, पटना के प्रधानाचार्य विगत सात वर्षों से कार्यरत हैं, जो नियम के विपरित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियम के विपरित प्रधानाचार्य के पदस्थापन पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

+2 की सुविधा देना

*2117. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड में उच्च विद्यालय, साया प्लस टू में उत्क्रमित होने की सभी मानक को पूरा करता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय को प्लस टू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक ?

---

चादर का वितरण

*2118. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर प्रखंड में बी०पी०एल० एवं गरीबों के बीच ठंड में चादर का वितरण वर्ष 2011 में करना था लेकिन अभीतक वितरण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार रून्नीसैदपुर प्रखंड में बी०पी०एल० एवं गरीब परिवार के बीच चादर का वितरण अभीतक नहीं करने का क्या औचित्य है ?

उत्क्रमित करना

*2119. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के मध्य विद्यालय, दुल्लीपट्टी में छात्र-छात्राओं की संख्या 750 से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि दुल्लीपट्टी में छात्रों को उच्च विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने हेतु जयनगर जाना पड़ता है, जो 5 कि०मी० से अधिक दूरी पर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मध्य विद्यालय, दुल्लीपट्टी को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रोक लगाना

*2120. श्री कृष्णनंदन यादव—क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के फल्गु नदी का बालू खिजरसराय और गम्भरपुर के सामने जे०सी०बी० मशीन से उठाया जाता है, जिससे नदी गहरा हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि फल्गु नदी से निकलने वाली सभी पईन का स्तर नदी से ऊँचा हो गया है जिससे पईन में नदी का पानी नहीं आता है जिसके कारण सिंचाई भी नहीं होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त फल्गु नदी में जे०सी०बी० मशीन द्वारा बालू उठाने पर रोक लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*2121. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के थरथरी प्रखंड में सी०डी०पी०ओ० का पद पिछले आठ महीनों से रिक्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार थरथरी प्रखंड में पूर्णकालिक सी०डी०पी०ओ० को पदस्थापित करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दर्जा देना

*2122. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत 42 उच्च विद्यालयों को मॉडल उच्च विद्यालय का दर्जा दिया गया है, जिसमें 30 बेसिक उच्च विद्यालय एवं 12 अन्य उच्च विद्यालयों को शामिल किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि ईश्वर सच्चिदानंद उच्च विद्यालय, बासोपट्टी, मधुबनी जिले का सर्वाधिक प्रतिष्ठित उच्च विद्यालय है, जहां छात्रों की संख्या 2700 से अधिक है लेकिन भवन, छात्रावास एवं चहारदीवारी का घोर अभाव है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त बासोपट्टी उच्च विद्यालय को मॉडल स्कूल का दर्जा नहीं दिया गया है, जबकि मॉडल स्कूल होने के सभी शर्तों को पूरा करता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उच्च विद्यालय, बासोपट्टी को सुदृढ़ीकरण कर मॉडल स्कूल का दर्जा नहीं दिये जाने का क्या औचित्य है ?

मिट्टी कटाई रोकना

*2123. श्री अरूण कुमार सिन्हा-- क्या मंत्री, खनन एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना सिटी के गायघाट से सबलपुर घाट तक स्थित ईंट भट्टा मालिकों द्वारा पिछले दो वर्षों से गंगा घाटों की जे०सी०बी० मशीन से मिट्टी कटाई करने से गंगा घाटों की स्थिति अत्यंत खतरनाक हो गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पूर्ण करना

*2124. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के ग्राम सदौवां उत्तरटोला में वर्ष 2007 में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की स्वीकृति दी गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय निर्माण हेतु अंचलाधिकारी, बरौली द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरौली को अपने पत्रांक 311, दिनांक 16 अप्रील, 2007 द्वारा अनुशंसा दी गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सदौवां ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 30 अप्रील, 2008 को ग्रामसभा एवं आमसभा में प्रस्ताव पारित कर खाता नं० 322, खेसरा नं० 1492, में उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कराने का प्रस्ताव पारित किया गया ;

(4) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 में इस विद्यालय भवन का निर्माण शुरू हुआ किन्तु कार्य बंद कर दिया गया;

(5) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला महाविद्यालय खोलना

*2125. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला के रूपौली विधान-सभा क्षेत्र में महिला महाविद्यालय नहीं रहने के कारण यहाँ के छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार महिला महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2126. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के उचिरवाँ एवं खण्डैल, डोभी प्रखण्ड के कंजियार एवं आमस प्रखंड के आमस एवं सुग्गी में खेल का मैदान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त वर्णित खेल के मैदान की घेराबंदी एवं स्टेडियम नहीं रहने से स्थानीय छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित खेल के मैदानों में स्टेडियम निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2127. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत मरगाहा में स्थित मरगाहा मध्य विद्यालय के 7 किलोमीटर की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार मदारीचक मध्य विद्यालय मरगाहा को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों का पदस्थापन

*2128. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के +2 एन०डी० रौंगरा उच्च विद्यालय में 20 शिक्षक का पद स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि +2 एन०डी० रौंगरा उच्च विद्यालय में वर्त्तमान में 10 शिक्षक कार्यरत हैं एवं 10 शिक्षकों का पद विगत 3 वर्षों से खाली है, जिसके कारण उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार +2 एन०डी० रौंगरा उच्च विद्यालय में शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कॉलेज खोलना

*2129. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के 30 कि०मी० की परिधि में कोई भी डिग्री कॉलेज नहीं रहने से यहाँ के छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार कोढ़ा प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनाना

*2130. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के दरगाहीगंज पंचायत के वार्ड नं० 13 में प्राथमिक विद्यालय खाबदह के भवन निर्माण हेतु वर्ष 2004-05 में लगभग 6,00,000/- रुपये उपलब्ध करा दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय भवन का राशि उपलब्ध कराने के बाद भी अभीतक भवन निर्माण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त प्राथमिक स्कूल भवन नहीं बनने का क्या औचित्य है ?

--------

भवन का निर्माण

*2131. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है नालंदा जिलान्तर्गत कतरी सराय प्रखंड के वादी गाँव में कस्तूरबा विद्यालय के भवन निर्माण का कार्य विगत 6 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुआ था जो आजतक अपूर्ण है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस संबंध में दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए कस्तूरबा विद्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2132. श्री सबा जफर-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के ग्राम पंचायत आम गाछी में मध्य विद्यालय आमगाछी के भवन का निर्माण वर्ष 2010 से अधूरा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय भवन नहीं बनने के कारण विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन अभीतक नहीं बनाने का क्या औचित्य है ?

--------

कार्यान्वित करना

*2133. श्री विनोद नारायण झा -- क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विज्ञान एवं तकनीकि मंत्रालय भारत सरकार के ''इंसपायर'' योजना के तहत विज्ञान में स्नातक-स्नातकोत्तर करने वाले छात्रों को प्रति वर्ष 80 हजार रु० की दर से छात्रवृति देने की व्यवस्था है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस योजना के तहत पूरे देश में 7.5 हजार छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई है, जबकि पिछले पाँच वर्षों में बिहार के मात्र 20 छात्र ही इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ ले सके हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी पात्रता रखने वाले छात्रों को केन्द्र सरकार को इस छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित कराने की योजना को कार्यान्वित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रारंभ करना

*2134. श्री कुमार शैलेन्द्र-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड उच्च विद्यालय, खरीक का भवन जर्जर हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय का नया भवन बनने के काद भी अभीतक उसे विद्यालय को नहीं सौंपा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवनिर्मित भवन में पठन-पाठन प्रारंभ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों की नियुक्ति

*2135. श्री प्रमोद कुमार-- क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय में मधा सूची अनुसार 50 छात्रों का नामांकन हुआ है जिनका जिला स्कूल मोतिहारी में अस्थायी रूप से शिक्षण कार्य पंपादित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय का अपना निजी जमीन एवं ध्वस्त भवन शहर के छतौनी में स्थित है जहां पिछले दो दशक पहले महाविद्यालय संचालित था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय के ध्वस्त भवन का निर्माण एवं महाविद्यालय के पठन-पाठन हेतु सृजित पद अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति कराने का विचार सरकार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2136. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विभाग विकास विभाग के ज्ञापांक 3729, दिनांक 24 अक्टूबर, 2008 के द्वारा चिन्हित मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी घोषित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के मध्य विद्यालय विष्णुपुर के प्रधानाध्यापक सहित अनेकों चिन्हित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी बनाने के बदले प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी खुद निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का कार्य कर रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चिन्हित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2137. श्री श्याम बिहारी प्रसाद-- क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पू० चम्पारण जिला के अन्तर्गत आदापुर प्रखंड के भवनरी उच्च विद्यालय में स्टेडियम निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था किन्तु किये गयेकार्य का भुगतान नहीं होने के कारण निर्माण कार्य बंद है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम के निर्माण के लिये राशि उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपलब्ध कराना

*2138. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मगध विश्वविद्यालय सहित सभी विश्वविद्यालयों में अपने अधिनस्थ कॉलेजों द्वारा बी०ए०, बी०एस०सी०, बी० कॉम, बी०सी०ए०, एम०सी०ए० उतीर्ण होने वाले छात्रों का सटिफिकेट एक साल के अन्दर संबंधित कॉलेज में उपलब्ध कराने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि ए०एन० कॉलेज पटना सहित राज्य के सभी कॉलेजों द्वारा विगत 15 वर्षों से डिग्री सर्टिफिकेट नहीं भेजा जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रावधान के अनुसार एक साल में सर्टिफिकेट संबंधित कॉलेज में उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थापना करना

*2139 . श्री राजेश्वर राज-- क्या मंत्री, विज्ञान प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला सहित सीमावर्ती कैमूर, बक्सर, और एवं औरंबाद जिलों में एक भी पोलिटेकनिक कॉलेज नहीं रहने से विद्यार्थियों को काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार रोहतास जिला में एक पोलिटेकनिक कॉलेज की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महाविद्यालय खोलना

*2140. श्री वीरेन्द्र सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के बजीरगंज एवं मानपुर प्रखंडों में कोई महिला महाविद्यालय नहीं है जिससे उक्त क्षेत्र के छात्राओं को आगे की पढ़ाई से वंचित रहना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वजीरगंज एवं मानपुर प्रखंड में महिला महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा देना

*2141. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत स्थापना अनुमति उच्च विद्यालय, नरकटिया एवं कवैया में छात्र-छात्राओं के वर्ग कक्षों में बेंच, डेस्क नहीं होने के कारण, जमीन पर बैठकर छात्र-छात्राएं शिक्षा अध्ययन करते हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों में कबतक डेस्क एवं बेंच की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं , तो क्यों ?

----------

कार्यारम्भ करना

*2142. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सरमेरा प्रखण्ड में बी०आर०सी० (ब्लॉक रिसोर्सेज सेन्टर) की व्यवस्था हेतु वर्ष 2003-04 में राशि सरकार द्वारा उपलब्ध हुई थी तथा कार्य भी उक्त अवधि में प्रारम्भ हुआ परन्तु कार्य स्तर घटिया होने की वजह से कार्य रोके गए हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में कार्यारम्भ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मिट्टी की भराई

*2143. श्री अनंत कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत सदर ब्लॉक के अन्तर्गत कुतलुपुर पंचायत वार्ड सं० 01 परौरा टोला में मध्य विद्यालय एवं चौधरी टोला में प्राथमिक विद्यालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों विद्यालय के आगे दो कट्ठा जमीन है जिसमें चहारदीवार हेतु प्लींथ तक दीवार दिया जा चुका है, परन्तु प्लींथ तक का जगह गड्ढ़ा होने के कारण वर्षा के दिनों में पानी जमा होने से छात्र-छात्राओं को दिक्कत होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के गड्ढे में मिट्टी की भराई के साथ ही चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

--------

पदों को भरना

*2144. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत 918 मध्य विद्यालयों एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में से मात्र 30 विद्यालयों में ही प्रधानाध्यापक पदस्थापित हैं जिसके कारण विद्यालय के प्रबंधन व शिक्षण कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रधानाध्यापकों के इन रिक्त पदों को भरना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

महाविद्यालय खोलना

*2145. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गुठनी, दरौली, आन्दर प्रखण्ड में एक भी महाविद्यालय नहीं है जिस कारण छात्र एवं छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार इस सभी प्रखण्डों में एक-एक महाविद्यालय खोलना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापन करना

*2146. श्री राम सेवक हजारी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड में वर्ष 2006 से आजतक प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी का पद रिक्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पद पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*2147. श्री राजीव रंजन--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखण्डान्तर्गत उर्दू मध्य विद्यालय, मौलानाचक (मीनाबाजार) के 6 किलोमीटर के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र एवं छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय खोलना

*2148. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''6 माह से उर्दू विद्यालय बंद'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत आलमगंज के उर्दू मध्य विद्यालय पीरबैस में पिछले साढ़े छः माह से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बंद है तथा विद्यालय में ताले लगे हुए हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बंद पड़े विद्यालय को खुलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2149. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के परसौनी प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, सुन्दरगामा, हरिजन कॉलनी, प्राथमिक विद्यालय, महादलित टोला, वार्ड नं० 11 तथा प्राथमिक विद्यालय, परसौनी, मल्लाह टोला में भवन नहीं रहने के कारण पठन-पाठन में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को काफी कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के भवन बनाने हेतु प्रश्नकर्त्ता के पत्रांक 207, दिनांक 2 जून, 2011 द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीतामढ़ी से अनुरोध किया गया था, जिसपर अबतक कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालय में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

पदस्थापित करना

*2150. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, खनन एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खान एवं भूतत्व विभाग में आवश्यकता से कम खान निरीक्षकों के रहने के कारण एक-एक निरीक्षकों के जिम्मे तीन-तीन, चार-चार जिला का प्रभार देकर खनन कार्य कराया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रत्येक जिला में एक-एक निरीक्षकों को पदस्थापित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2151. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, गंगापुर, प्रखण्ड कतरीसराय में वीरेन्द्र चौधरी, पिता श्री अनंत चौधरी नियोजित शिक्षक के रूप में कार्यरत थे, जिन्हें प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, कतरीसराय के पत्रांक 169, दिनांक 10 अक्टूबर, 2011 द्वारा हटाने का निदेश दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षक नियोजन अपीलीय प्राधिकार, नालन्दा के वाद संख्या 242/09, दिनांक 8 मई, 2010 के द्वारा श्री वीरेन्द्र चौधरी को शिक्षक के पद पर रहने देने का आदेश दिया गया, जिसका कार्यान्वयन नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आदेश की अवहेलना करने वाले के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक ?

---------

कमरा का निर्माण

*2152. डॉ० अरुण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड के अपूर्व उच्च विद्यालय, बलवाहाट में सभी वर्ग मिलाकर छात्रों की संख्या दो हजार से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय में वर्ग संचालन हेतु मात्र चार ही कमरा उपलब्ध है जिसके चलते छात्र एवं छात्राओं का पठन-पाठन कार्य ढंग से नहीं हो पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपूर्व उच्च विद्यालय, बलवाहाट में वर्ग संचालन हेतु अतिरिक्त कमरा बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2153. डॉ० कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी अनुमण्डल के सभी नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का भवन नहीं है, जिसके कारण शिक्षण कार्य बाधित होता है, यदि हां, तो क्या सरकार नीमचक बथानी अनुमण्डल के सभी नवसृजित विद्यालय में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2154. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा पाँच वर्ष पूर्व ही 20 और 40 माईक्रोन तक के पॉलिथिन बैग को प्रतिबंधित कर दिया गया है तथा इसके उपयोगकर्त्ता और निर्माता पर आर्थिक दण्ड का प्रावधान किया गया है, परन्तु पिछले पाँच वर्षों में एक भी उपयोगकर्त्ता या निर्माता पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हां, तो इसके लिए सरकार कौन-सी कारगर कदम उठाने का विचार रखती है ?

---------

राशि का वितरण

*2155. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नौटन प्रखण्ड के जगदीशपुर आदर्श उच्च विद्यालय, नौटन के लड़कियों को 2010 से ही साइकिल क्रय हेतु राशि का वितरण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के छात्राओं को साइकिल क्रय हेतु राशि का वितरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*2156. श्रीमती सुनिता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला अन्तर्गत तरियानी प्रखण्ड के राजकीय माध्यमिक विद्यालय, नरवारा में 1200 छात्र-छात्रायें नामांकित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में चहारदीवारी एवं सुरक्षा के दृष्टि से गेट नहीं रहने के कारण शिक्षण कार्य बाधित होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी एवं गेट लगाने का विचार रखती है ?

पदस्थापन करना

*2157. डॉ0 अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला कल्याण पदाधिकारी का पद 21 जुलाई, 2011 से रिक्त है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जिला कल्याण पदाधिकारी का पदस्थापन करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सरकारीकरण करना

*2158. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (उ0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पंडित उगम पाण्डेय महाविद्यालय, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण में कार्यरत 57 शिक्षक एवं 68 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के बीच सरकारी अनुदान की राशि यू0जी0सी0 के प्रारंभिक वेतन मांग के आधार से ज्यादा है, साथ ही महाविद्यालय के सभी मापदण्डों को पूरा करता है, यदि हां, तो ऐसे महाविद्यालयों को अधिग्रहीत कर सरकारीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कमरा का निर्माण

*2159. डॉ0 श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रो0 कन्या उच्च विद्यालय +2, फतेहपुर में दो हजार से अधिक छात्राएँ एवं प्रो0 कन्या उच्च विद्यालय +2, बोधगया में 1500 (पन्द्रह सौ) से अधिक छात्राएँ पढ़ती हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्राएँ के अनुपात में विद्यालय में पढ़ने के लिए कमरा नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्राएँ के अनुपात में कमरा का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*2160. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, विरनामा, अनयपर एवं सुभानपुर के पाँच कि0मी0 की परिधि में उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालयों को ढ़ाई एकड़ से अधिक जमीन भी उपलब्ध है एवं उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सारी शर्तें पूरी करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, विरनामा, अनयपर एवं सुभानपुर को उच्च विद्यालय के रूप में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नर्सरी चालू करना

*2161. श्रीमती (डॉ0) रंजू गीता--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी एवं नानपुर प्रखण्डों में विभागीय नर्सरी को 2 वर्षों पूर्व बन्द कर दिया गया है, जिसमें आम जनता को उत्तम किस्म का पौधा नहीं मिल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नर्सरी को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन की मरम्मती

*2162. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना विश्वविद्यालय के सायंस कॉलेज एवं बी0एन0कॉलेज, पटना के भवनों की स्थिति अत्यंत ही जर्जर हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवनों की मरम्मती/रंग-रौगन का कार्य वर्ष 1998 के बाद से नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवनों की मरम्मती/रंग-रौगन करवाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्टेडियम का निर्माण

*2163. श्री रणधीर कुमार सोनी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत प्रखण्ड अरियरी, घाटकोशुम्भा एवं शेखपुरा में एक भी स्टेडियम नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त तीनों प्रखण्ड मुख्यालय में स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रभार दिलाना

*2164. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्डान्तर्गत मध्य विद्यालय, प्राणपुर में 8 कमरों का निर्माण हेतु राशि का आवंटन विगत वर्ष 2010 में किया गया है, लेकिन उक्त विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक की प्रतिनियुक्ति रहने के कारण राशि निकासी में व्यवधान हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पूर्ण प्रभार दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का वितरण

*2165. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय कोड़लहिया, मध्य विद्यालय थूम्मा (कन्या), मध्य विद्यालय थूम्मा (2) सहित 20 मध्य विद्यालयों को वित्तीय वर्ष 2010-11 एवं 2011-12 में अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के बीच छात्रवृत्ति का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है, जिसके कारण पठन-पाठन में आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्रखंड के मध्य विद्यालय में अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के बीच उक्त वित्तीय वर्ष के छात्रवृत्ति की राशि का वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि का अवंटन

*2166. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रति वर्ष भागलपुर जिला के ऐतिहासिक स्थल विक्रमशीला स्थल पर विक्रमशीला महोत्सव के लिए विभाग द्वारा राशि आवंटित की जाती थी, किन्तु वित्तीय वर्ष 2011-12 हेतु आवंटित नहीं किया गया है, यदि हां, तो इस वित्तीय वर्ष में राशि आवंटित नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

भवन का निर्माण

*2167. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली प्रखंड के बालिका उच्च विद्यालय, दरौली का भवन जर्जर हालत में है जिससे छात्राओं को अध्ययन कार्य में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार इस विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2168. श्रीमती (डॉ०) उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत माध्यमिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से अति पिछड़ा वर्ग के छात्राओं को दस हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दिया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज अनुमंडल के राजकीयकृत राम लखन सिंह यादव उच्च विद्यालय, पैगम्बरपुर के शैक्षणिक सत्र 2010 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्राओं को इस योजना का लाभ नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकरात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के योजना से वंचित छात्राओं को बालिका प्रोत्साहन राशि दिलाते हुए, विलम्ब के लिए दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*2169. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड में आदर्श उच्च विद्यालय, तुलसीपुर में खेल का मैदान है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मैदान में स्टेडियम के अभाव में छात्र-छात्राओं को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मैदान में स्टेडियम निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2170. श्री रणधीर कुमार सोनी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत चेवाड़ा प्रखंड के कैमरा गांव के मध्य विद्यालय में आठ भवन का विद्यालय है, जिसे वर्ष 2010 में मरम्मती किया गया किन्तु प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चेवाड़ा एवं प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय, कैमरा ने जिला प्रशासन एवं विभाग के बिना अनुमति से 5 विद्यालय भवन दिनांक 13 जनवरी, 2012 को तोड़ दिया;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त 5 विद्यालय भवन को बिना विभाग से अनुमति लिए तोड़ने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आदेश जारी करना

*2171. श्री (डॉ०) अच्युतानन्द--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्यादेश 15/एम-1-218/98, उ०शि०, 1300, दिनांक 20 जुलाई, 2001 द्वारा कॉलेज शिक्षकों को यू०जी०सी० पैकेज (पुनरीक्षित वेतनमान सहित) एवं प्रोन्नति देने के निर्णय में घाटानुदानित अल्पसंख्यक एवं घाटानुदानित कॉलेजों के शिक्षकों को भी शामिल किया गया है, जबकि राज्य सरकार के परामर्श पर पत्रांक बी०एस०यू०-8/2005-724/जी०एस० (1), दिनांक 23 फरवरी, 2006 के द्वारा अंगीभूत महाविद्यालयों में प्रोन्नति के लिए घाटानुदानित एवं अल्पसंख्यक महाविद्यालयों में दी गई पूर्व सेवा को कार्यानुभव के रूप में अमान्य कर दिया गया है जिससे संबंधित शिक्षक प्रोन्नति में पूर्व सेवा के लाभ से वंचित हो रहे हैं, यदि हां, तो क्या सरकार घाटानुदानित कॉलेजों की पूर्व सेवा अवधि को अंगीभूत महाविद्यालयों में प्रोन्नति हेतु कार्यानुभव के रूप में मान्यता प्रदान करने हेतु आदेश जारी करने का विचार रखती है, यदि हां,तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भूमि का स्थानान्तरण

*2172. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के अधीन बांसकोठी गेट नं० 97 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय का संचालन सरकारी भूमि पर न करके निजी भूमि पर किया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को अन्यत्र सरकारी भूमि पर स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का पुनः निर्माण

*2173. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 2 सितम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''निबंधन कार्यालय राजस्व देने में कमाल, सुविधाओं में बदहाल'' को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अवर निबंधन कार्यालय, बहेड़ा का भवन विगत 5 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिसके कारण बर्सात के दिनों में छत से पानी चूता रहता है जिससे वहां रखे कागजात भींग कर बर्बाद हो रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि अवर निबंधन कार्यालय बहेड़ा में चहारदीवारी भी नहीं है, जिससे वहां जमीन क्रेता एवं विक्रेताओं को कठिनाइयां होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवर निबंधन कार्यालय बहेड़ा के भवन को पुनः निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि वितरण करना

*2174. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड के ग्राम पंचायत गेहुमा वैरिया में वर्ष 2006 से वर्ष 2011 तक किसी भी छात्र/छात्रा को छात्रवृत्ति की राशि नहीं दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड कार्यालय, फुलपरास द्वारा उक्त ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव को वर्णित अवधि के छात्रवृत्ति मद का चेक भी हस्तगत करा दिया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्रवृत्ति मद की राशि अभीतक वितरण नहीं करने का क्या औचित्य है ?

-----------

भवन का निर्माण

*2175. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत नरपतगंज प्रखण्ड के अचरा पंचायत के अब्दुल मजिद टोला के प्राथमिक विद्यालय के भवन की राशि लगभग 6,00,000/- रुपये की निकासी वर्ष 2009-10 में संवेदक द्वारा कर लिया गया है किन्तु भवन का निर्माण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय भवन नहीं बनने से छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संवेदक पर कार्रवाई कर विद्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

प्रधानाध्यापक का पदस्थापन

*2176. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखण्ड स्थित रामजेश्वर उच्च विद्यालय, औराई सहित अन्य उच्च विद्यालयों में विगत चार वर्षों से प्रधानाध्यापक का पद रिक्त रहने से प्रबंध समिति द्वारा पारित प्रतिवेदन विद्यालय के भवन निर्माण उपस्कर आदि की खरीद एवं विकास संबंधी कार्यों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पदस्थापन करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2177. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत 240 नवसृजित प्राथमिक विद्यालय भूमिहीन एवं भवनहीन है, जिसके कारण छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो सरकार कबतक भूमि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण का इरादा रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*2178. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के मध्य विद्यालय, कोरबद्धा, मध्य विद्यालय दूधपुरा एवं प्राथमिक विद्यालय, जितवारपुर निजामत का भवन जर्जर है साथ ही बेंच-डेस्क आदि का अभाव है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को अध्ययन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन विद्यालयों के जर्जर भवन का निर्माण एवं बेंच-डेस्क उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*2179. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, छपिया विचला टोला, मध्य विद्यालय, उसड़ीकला, मध्य विद्यालय, टेढ़ा, मध्य विद्यालय, अमरदह एवं मध्य विद्यालय, सहवा तथा म० विद्यालय, गम्हरिया और मध्य विद्यालय, जैथर के छात्र-छात्राओं को उच्च विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने हेतु 5 कि०मी० की दूरी तय कर जाना पड़ता है जिससे उन्हें कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*2180. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 अगस्त, 2011 को प्रकाशित ''15 वर्षों में भी नहीं बना विद्यालय का भवन'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, वृंदावन रामनगर प्रांगण में 15 वर्षों से स्कूल का दो कमरे अधूरे बने हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अधूरे स्कूल भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2181. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड मुख्यालय में बी०आर०सी० भवन नहीं रहने के कारण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बेनीपुर के बदले 15 कि०मी० दूर अलीनगर में बैठते हैं, यदि हां, तो सरकार बेनीपुर में बी०आर०सी० भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

शिक्षकों का पदस्थापन

*2182. मो० आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कन्हाई साह दुली चन्द्र बालिका विद्यालय एवं कलानंद उच्च विद्यालय, गढ़बनैली में शिक्षकों के स्वीकृत 20 पद के बदले वर्तमान में 8 शिक्षक ही कार्यरत हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों में रिक्त पद पर शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*2183. श्रीमती बीमा भारती—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के भवानीपुर प्रखंडान्तर्गत बलदेव उच्च विद्यालय, भवानीपुर के क्रीड़ा मैदान मे स्टेडियम नहीं रहने के कारण वहां के छात्र-छात्राओं को कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बलदेव उच्च विद्यालय, भवानीपुर में स्टेडियम निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2184. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, अब्दालपुर, हाजीपुर, वाधीवरडीहा, पैंगरी, जलालपुर, मीरचक, वरनामा एवं कुम्भी के पाँच कि०मी० की परिधि में उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों के नाम में ढाई एकड़ से अधिक जमीन उपलब्ध है एवं उच्च विद्यालय के रूप में उत्क्रमित होने की सारी शर्तों को पूरी करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, अब्दालपुर, हाजीपुर, वाधीवरडीहा, पैंगरी, जलालपुर, मीरचक, वरनामा एवं कुम्भी को उच्च विद्यालय के रूप में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का आवंटन

*2185. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में कैमूर जिलान्तर्गत मुख्य मंत्री बालक साईकिल योजना में अनुसूचित जाति/जनजाति के 2178 छात्रों के लिए कुल 54,45,000 रुपये आवंटित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिले में अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को कुल सं० 3178 है जिस कारण से 1000 छात्रों के लिए अतिरिक्त 25,00000 रुपये की मांग की गयी है जो अबतक अप्राप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त राशि का आवंटन शीघ्र करते हुए साईकिल वितरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*2186. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के इसुआपुर प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय के भवन निर्माण में भारी गड़बड़ियाँ की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारी इसुआपुर के पत्रांक 09, दिनांक 4 जनवरी, 2012 के द्वारा जिला पदाधिकारी, सारण के भेजे गए प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त आवासीय बालिका विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य रैयती जमीन में बिना निबंधन कराये ही किया गया है जो नियमानुकूल नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उच्च विद्यालय खोलना

*2187. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अंतर्गत राधे-माधे गाँव अत्यन्त सुदूर देहात में स्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ से निकटतम उच्च विद्यालय, अमदाबाद 25 किलो मीटर और मनिहारी 10 किलो मीटर दूर है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित गाँव में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रावास का उद्घाटन

*2188. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में ओ०बी०सी० छात्रावास एवं महिला छात्रावास वर्ष 2011 से बनकर तैयार है, लेकिन अभीतक उसका उद्घाटन नहीं हो सका है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त छात्रावास का उद्घाटन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारी का पदस्थापन

*2189. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमंडल में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी का पद दो वर्षों से रिक्त है, यदि हां, तो सरकार बेनीपुर में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है ?

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

पटना:
दिनांक 20 मार्च, 2012 (ई०)।

बि०स०मु० (एल०ए०), 151-डी०टी०पी०-450